प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

0000

मातृत्व अवकाश

प्रदेश सरकार ने सरकारी सेवा में कार्यरत महिलाओं को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 60 दिन का विशेष मातृत्व अवकाश प्रदान करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार ने विशेष मातृत्व अवकाश देने की पहल उन महिलाओं के लिए की है जो मृत शिशु को जन्म देती हैं, या जन्म के तुरंत बाद बच्चे को खो देती हैं। हाल ही में घोषित मातृत्व अवकाश केवल मृत शिशु या नवजात शिशु की मृत्यु के मामलों में ही लागू होगा और अधिकृत अस्पतालों में प्रसव के लिए ही लिया जा सकता है।

हड़ताल

प्रदेश के दुर्गम और जनजातीय क्षेत्रों में कार्यरत एसएमसी अध्यापक आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। ये शिक्षक अपनी सेवाओं को नियमित करने की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। एसएमसी शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि 7 मार्च 2024 को कैबिनेट ने एल डी आर के माध्यम से एसएमसी अध्यापकों को नियमितीकरण करने की मंजूरी दी थी मगर अभी तक सरकार ने इस दिशा में कोई भी कदम नहीं बढ़ाया है।

पठानिया

उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने आबकारी व खनन नीति में बदलाव कर 2 हजार करोड़ रूपए से अधिक का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है। धर्मशाला के तपोवन में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिले में ही बीते 5 महीनों में ट्रेजरी से एक अरब 19 करोड़ 82 लाख रूपए के बिलों का भुगतान विभिन्न विकास कार्यों के लिए किया गया

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि महिला सशक्तिकरण के लिए मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में जो कार्य किए हैं उन्हें करने में पूर्व सरकारें नाकाम रही हैं। एक बयान में उन्होंने कहा कि उज्जवला और गृहणी सुविधा योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्त कर उनके जीवन में एक बड़ा बदलाव आया है।

मौसम

प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात व अनेक भागों में हुई वर्षा के बाद आज मौसम साफ है। चंबा जिले की जनजातीय पांगी घाटी में लगभग 2 इंच हिमपात हुआ है। बर्फबारी के बाद चंबा–पठानकोट वाया जोत सड़क के अलावा खजियार–डलहौजी व साच पास सड़क यातायात के लिए बंद है। जिले में बिजली के करीब 10 ट्रांसफार्मर भी ठप्प हैं। कुल्लू जिले की ऊंची चोटियों पर भी ताजा हिमपात हुआ है। हमारे संवाददाता आशीष शर्मा ने बताया कि बर्फबारी से पर्यटन व्यवसायी खुश हैं जबकि किसान व बागवानों ने भी राहत की सांस ली है।

किन्नौर जिले के कल्पा, छितकुल, रोपा व हंगरंग में लगभग 3 इंच हिमपात हुआ है। इसके अलावा शिमला जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि अन्य भागों में वर्षा हुई है। हमारे शिमला संवाददाता के अनुसार बारिश व बर्फबारी के चलते तापमान में लगभग 4 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी ने लिखा है लाहौल में बर्फीला तूफान, शिमला में ओलावृष्टि व तेज हवाओं के साथ वर्षा, कई जगह बिजली कड़की।

हिमाचल में संस्कृत शिक्षक बनने के लिए अब बीएड अनिवार्य अमर उजाला की एक खबर है।